तेरा नाम श्याम | by Ritik Panchal (Ritz)

इतना बलवान तू होके दानी शीश श्याम को कर डाला
तुझसे खुश होकर मोहन ने तेरा नाम श्याम ही धर डाला

मैंने सुना तेरे बारे ओ हारे के सहारे मैं आया तेरे द्वारे
मुझे आजा लेने रींगस के उस मोड़ पे बाबा श्याम मेरे
ओ मुझे आजा लेने रींगस के उस मोड़ पे खाटू श्याम मेरे
मैं खड़ा दोपहरी तपत बड़ी मैंने श्याम सवेरा कर डाला
तुझसे खुश होकर मोहन ने तेरा नाम श्याम ही धर डाला

मैं फिरू मेरा मेरा है बाबा श्याम कहता मुझे पूछते हैं लोग
चले हमको बता कहाँ रहता तेरा श्याम धणी खाटूवाला
मैंने बोला जो भी करने दर्शन धाम शिखर तक जाएगा
मेरे मोरवी नंदन खाटू के उस धाम पे दर्शन पायेगा

मैंने सुना है हज़ारों से बाबा तीन बाण भुजाधारी
मुझे सामने बुला ले चाहूँ तुझे देखना बस एक बारी
तेरी दीद को तरसे नैन मेरे अब भीतर मुझे बुला ले
जब भी महसूस करूँ धारा तू आकर गले लगा ले
इस Ritz की ज़िन्दगी में बाबा तूने चमत्कार सा कर डाला
तुझसे खुश होकर मोहन ने तेरा नाम श्याम ही धर डाला

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-by-ritik-panchal-ritz/